**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 2821**
**गुरुवार, 12 दिसंबर, 2024/21 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

**आंध्र प्रदेश में नागर विमानन परियोजनाएं**

**2821. श्री पुट्टा महेश कुमार:**
**श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी:**
**श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विगत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश भर में विमानपत्तनों की स्थीति के संबंध में कोई सर्वेक्षण कराया है;

(ख) यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान देश भर में, विशेषकर आन्ध्र प्रदेश में वर्तमान में परिचालनरत विमानपत्तनों की सूची का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान देश भर में, विशेषकर आन्ध्र प्रदेश में निर्मित किए जाने वाले, निर्माणाधीन/उन्नयन किए जाने वाले विमानपत्तनों की सूची क्या है और उन्हें पूरा किए जाने की प्रस्तावित समय-सीमा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने विमानपत्तन अवसंरचना की उच्च संभावना वाले क्षेत्रों का कोई सर्वेक्षण कराया है और यदि हां, तो आन्ध्र प्रदेश सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ङ) उक्त विमानन परियोजनाओं के लिए आवंटित और प्रयुक्त धनराशि कितनी है; और

(च) क्या सरकार ने वर्ष 2047 तक देश भर में विमानपत्तनों की स्थापना करने का कोई लक्ष्य निर्धारित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) से (च): वर्तमान में देश में 158 हवाईअड्डे कार्यशील हैं। इन हवाईअड्डों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची अनुलग्नक में दी गई है। भारत सरकार (जीओआई) ने जीएफए नीति, 2008 के अनुसार देश भर में 21 ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों की स्थापना के लिए 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान कर दिया है, जिनमें गोवा में मोपा, महाराष्ट्र में नवी मुंबई, शिरडी और सिंधुदुर्ग, कर्नाटक में कलबुरगि, विजयपुरा, हसन और शिवमोग्गा, मध्य प्रदेश में डाबरा (ग्वालियर), उत्तर प्रदेश में कुशीनगर और नोएडा (जेवर), गुजरात में धोलेरा और राजकोट (हीरासर), पुदुचेरी में कराईकल, आंध्र प्रदेश में दगडार्थी, भोगापुरम और ओरवाकल (कुर्नूल), पश्चिम बंगाल में दुर्गापुर, सिक्किम में पाक्योंग, केरल में कन्नूर और अरुणाचल प्रदेश में ईटानगर (होलोंगी) शामिल हैं। इन 21 ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा परियोजनाओं में से 12 ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों को कार्यशील किया जा चुका है। वर्ष 2019 से आठ (8) ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों अर्थात कलबुरगि, ओरवाकल (कुर्नूल), सिंधुदुर्ग, कुशीनगर, ईटानगर (होलोंगी), मोपा, शिवमोग्गा और राजकोट (हीरासर) को कार्यशील किया जा चुका है।

हवाईअड्डों का विस्तार और आधुनिकीकरण एक सतत प्रक्रिया है और इसे भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और अन्य हवाईअड्डा प्रचालकों द्वारा समय-समय पर भूमि की उपलब्धता, वाणिज्यिक व्यवहार्यता, सामाजिक-आर्थिक कारकों, यातायात की मांग और एयरलाइनों की ऐसे हवाईअड्डों से/के लिए परिचालन की स्वेच्छा के आधार पर किया जाता है। हवाई यातायात में अनुमानित वृद्धि के समाधान के लिए, एएआई और अन्य हवाईअड्डा प्रचालकों ने अन्य गतिविधियों के अलावा ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों और नए टर्मिनलों के निर्माण, मौजूदा टर्मिनलों के विस्तार और आधुनिकीकरण तथा रनवे को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (एनआईपी) के तहत वर्ष 2019-24 के दौरान हवाईअड्डा क्षेत्र में 91,000 करोड़ रुपए से अधिक के पूंजी परिव्यय का लक्ष्य रखा है।

एएआई ने विजयवाड़ा हवाईअड्डे पर एप्रन और संबद्ध कार्यों सहित नए एकीकृत टर्मिनल भवन का निर्माण, तिरुपति हवाईअड्डे पर एटीसी टावर-सह तकनीकी ब्लॉक का निर्माण, कडप्पा हवाईअड्डे पर नए घरेलू प्रस्थान टर्मिनल भवन का निर्माण और आंध्र प्रदेश में राजमुंदरी हवाईअड्डे पर नए घरेलू टर्मिनल भवन का निर्माण किया है।

हवाईअड्डा परियोजनाओं की समयसीमा, विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है, जैसे संबंधित हवाईअड्डा विकासकर्ता द्वारा भूमि अधिग्रहण, अनिवार्य क्लीयरेंस, बाधाओं को दूर करना, वित्तीय समापन आदि।

भारत सरकार ने 1000 करोड़ रुपये की बजटीय सहायता से 03 वर्ष की अवधि अर्थात दिनांक 01.04.2023 से 31.03.2026 हेतु 50 से अधिक असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों/हेलीपेडों/वाटर एयरोड्रोमों और उन्नत लैंडिंग ग्राउंड (एएलजी) के पुनरुद्धार/विकास के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया है।

**अनुलग्नक**

दिनांक 12.12.2024 के लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 2821 के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | हवाईअड्डे का नाम |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (संघ राज्य क्षेत्र) | पोर्ट ब्लेयर |
| 2 | आंध्र प्रदेश | कडप्पा |
| 3 | आंध्र प्रदेश | कुरनूल |
| 4 | आंध्र प्रदेश | राजमुंद्री |
| 5 | आंध्र प्रदेश | तिरुपति |
| 6 | आंध्र प्रदेश | विजयवाड़ा |
| 7 | आंध्र प्रदेश | विशाखापट्टनम |
| 8 | अरुणाचल प्रदेश | डोनी पोलो (ईटानगर) |
| 9 | अरुणाचल प्रदेश | पासीघाट (सी.ई.) |
| 10 | अरुणाचल प्रदेश | तेजु |
| 11 | अरुणाचल प्रदेश | जीरो |
| 12 | असम | डिब्रूगढ़ (मोहनबाड़ी) |
| 13 | असम | गुवाहाटी (एलजीबीआई) |
| 14 | असम | जोरहाट |
| 15 | असम | लीलाबारी (उत्तर लखीमपुर) |
| 16 | असम | रुपसी |
| 17 | असम | सिलचर |
| 18 | असम | तेजपुर |
| 19 | बिहार | दरभंगा |
| 20 | बिहार | गया |
| 21 | बिहार | पटना |
| 22 | चंडीगढ़ (संघ राज्य क्षेत्र) | चंडीगढ़ |
| 23 | छत्तीसगढ | बिलासपुर |
| 24 | छत्तीसगढ | जगदलपुर |
| 25 | छत्तीसगढ | रायपुर |
| 26 | दमन और दीव (संघ राज्य क्षेत्र) | दीव |
| 27 | दिल्ली (संघ राज्य क्षेत्र) | दिल्ली, आईजीआई हवाईअड्डा |
| 28 | दिल्ली (संघ राज्य क्षेत्र) | सफदरजंग |
| 29 | गोवा | गोवा |
| 30 | गोवा | मोपा |
| 31 | गुजरात | अहमदाबाद (एसवीबीपीआई) |
| 32 | गुजरात | भावनगर |
| 33 | गुजरात | भुज |
| 34 | गुजरात | जामनगर |
| 35 | गुजरात | कांडला |
| 36 | गुजरात | केशोद (जूनागढ़) |

| | | |
|---|---|---|
| 37 | गुजरात | मुंद्रा |
| 38 | गुजरात | पोरबंदर |
| 39 | गुजरात | राजकोट (हीरासर) |
| 40 | गुजरात | साबरमती रिवर फ्रंट (डब्ल्यू ए) |
| 41 | गुजरात | स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (डब्ल्यू ए) |
| 42 | गुजरात | सूरत |
| 43 | गुजरात | वडोदरा |
| 44 | हरि याणा | हिसार |
| 45 | हिमाचल प्रदेश | कांगड़ा (गग्गल) |
| 46 | हिमाचल प्रदेश | कुल्लू मनाली (भुंतर) |
| 47 | हिमाचल प्रदेश | मंडी (एच) |
| 48 | हिमाचल प्रदेश | रामपुर (एच) |
| 49 | हिमाचल प्रदेश | शिमला |
| 50 | जम्मू और कश्मीर (संघ राज्य क्षेत्र) | जम्मू |
| 51 | जम्मू और कश्मीर (संघ राज्य क्षेत्र) | श्रीनगर |
| 52 | झारखंड | देवघर |
| 53 | झारखंड | जमशेदपुर |
| 54 | झारखंड | रांची |
| 55 | कर्नाटक | बेलगावी |
| 56 | कर्नाटक | बेंगलुरु (बीआईएएल) |
| 57 | कर्नाटक | बेंगलुरु (एचएएल) |
| 58 | कर्नाटक | बीदर |
| 59 | कर्नाटक | हुब्बल्ली |
| 60 | कर्नाटक | जिंदल विजयनगर |
| 61 | कर्नाटक | कलबुरगि |
| 62 | कर्नाटक | मंगलुरु |
| 63 | कर्नाटक | मैसूर |
| 64 | कर्नाटक | शिवमोग्गा |
| 65 | केरल | कालीकट |
| 66 | केरल | कोचीन (सीआईएएल) |
| 67 | केरल | कन्नूर (केआईएएल) |
| 68 | केरल | तिरुवनंतपुरम |
| 69 | लद्दाख (संघ राज्य क्षेत्र) | लेह |
| 70 | लक्षद्वीप (संघ राज्य क्षेत्र) | अगाती |
| 71 | मध्य प्रदेश | भोपाल |
| 72 | मध्य प्रदेश | ग्वालियर |
| 73 | मध्य प्रदेश | इंदौर |
| 74 | मध्य प्रदेश | जबलपुर |
| 75 | मध्य प्रदेश | खजुराहो |
| 76 | मध्य प्रदेश | रीवा |
| 77 | महाराष्ट्र | अकोला |
| 78 | महाराष्ट्र | औरंगाबाद |

| | | |
|---|---|---|
| 79 | महाराष्ट्र | गोंदिया |
| 80 | महाराष्ट्र | जलगांव |
| 81 | महाराष्ट्र | जुहू |
| 82 | महाराष्ट्र | कोल्हापुर |
| 83 | महाराष्ट्र | मुंबई, सीएसएमआई हवाईअड्डा |
| 84 | महाराष्ट्र | नागपुर |
| 85 | महाराष्ट्र | नांदेड़ |
| 86 | महाराष्ट्र | नासिक (एचएएल ओजर) |
| 87 | महाराष्ट्र | पुणे |
| 88 | महाराष्ट्र | शिरडी |
| 89 | महाराष्ट्र | सिंद्धुदुर्ग |
| 90 | महाराष्ट्र | सोलापुर |
| 91 | मणिपुर | इंफाल |
| 92 | मणिपुर | जिरीबाम (एच) |
| 93 | मणिपुर | तामेंगलोंग (एच) |
| 94 | मेघालय | बारापानी (शिलांग) |
| 95 | मिजोरम | लेंगपुई (आइज़वाल) |
| 96 | नगालैंड | दीमापुर |
| 97 | ओडिशा | भुवनेश्वर |
| 98 | ओडिशा | जयपोर |
| 99 | ओडिशा | झारसुगुडा |
| 100 | ओडिशा | राउरकेला |
| 101 | ओडिशा | उत्केला |
| 102 | पुडुचेरी (संघ राज्य क्षेत्र) | पुदुचेरी |
| 103 | पंजाब | आदमपुर (जालंधर) |
| 104 | पंजाब | अमृतसर |
| 105 | पंजाब | भटिंडा |
| 106 | पंजाब | लुधियाना |
| 107 | पंजाब | पठानकोट |
| 108 | राजस्थान | बीकानेर |
| 109 | राजस्थान | जयपुर |
| 110 | राजस्थान | जैसलमेर |
| 111 | राजस्थान | जोधपुर |
| 112 | राजस्थान | किशनगढ़ |
| 113 | राजस्थान | कोटा |
| 114 | राजस्थान | उदयपुर |
| 115 | सिक्किम | पाक्योंग |
| 116 | तमिलनाडु | चैन्ने |
| 117 | तमिलनाडु | कोयंबत्तूर |
| 118 | तमिलनाडु | मदुरै |
| 119 | तमिलनाडु | सेलम |
| 120 | तमिलनाडु | तिरुचिरापल्ली |

| | | |
|---|---|---|
| 121 | तमिलनाडु | तूतीकोरिन |
| 122 | तेलंगाना | हैदराबाद (बेगमपेट) |
| 123 | तेलंगाना | हैदराबाद (जीएचआईएएल) |
| 124 | त्रिपुरा | अगरतला |
| 125 | उत्तर प्रदेश | आगरा |
| 126 | उत्तर प्रदेश | अलीगढ़ |
| 127 | उत्तर प्रदेश | अयोध्या |
| 128 | उत्तर प्रदेश | आजमगढ़ |
| 129 | उत्तर प्रदेश | बरेली |
| 130 | उत्तर प्रदेश | चित्रकूट |
| 131 | उत्तर प्रदेश | गोरखपुर |
| 132 | उत्तर प्रदेश | हिन्डन |
| 133 | उत्तर प्रदेश | कानपुर (चकेरी) |
| 134 | उत्तर प्रदेश | कानपुर (सिविल) |
| 135 | उत्तर प्रदेश | कुशीनगर |
| 136 | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 137 | उत्तर प्रदेश | मेरठ |
| 138 | उत्तर प्रदेश | मुरादाबाद |
| 139 | उत्तर प्रदेश | प्रयागराज |
| 140 | उत्तर प्रदेश | श्रावस्ती |
| 141 | उत्तर प्रदेश | वाराणसी |
| 142 | उत्तराखंड | अल्मोड़ा (एच) |
| 143 | उत्तराखंड | चम्पावत (एच) |
| 144 | उत्तराखंड | चिन्याली सौर (एच) |
| 145 | उत्तराखंड | देहरादून |
| 146 | उत्तराखंड | गौचर (एच) |
| 147 | उत्तराखंड | हल्द्वानी (एच) |
| 148 | उत्तराखंड | मुनस्यारी (एच) |
| 149 | उत्तराखंड | न्यू टिहरी (एच) |
| 150 | उत्तराखंड | पंतनगर |
| 151 | उत्तराखंड | पिथौरागढ़ |
| 152 | उत्तराखंड | सहस्त्रधारा (एच) |
| 153 | उत्तराखंड | श्रीनगर (एच) |
| 154 | पश्चिम बंगाल | बागडोगरा |
| 155 | पश्चिम बंगाल | बेहाला |
| 156 | पश्चिम बंगाल | कोच बिहार |
| 157 | पश्चिम बंगाल | दुर्गापुर |

| | | |
|---|---|---|
| 158 | पश्चिम बंगाल | कोलकाता (एनएससीबीआई) |

एच – हेलीपोर्ट
डब्ल्यू ए – वाटर एयरोड्रोम

*****